हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 मार्च 2026



04 पति द्वारा अलग रह रही पत्नी के नाम पर लाखों...





07 सफलता की कहानी : गांव में आटा चक्की और किराना...






## खबर संक्षेप

### महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आज

**विदिशा।** जिला कलेक्टर विदिशा एवं पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण एवं जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आज 12 मार्च 2026 (गुरुवार) को समय दोपहर 12:30 बजे रविंद्र नाथ टैगोर ऑडिटोरियम, विदिशा में आयोजित किया जाएगा।

### शिक्षकों को नहीं मिला फरवरी माह का वेतन

**विदिशा।** बजट के अभाव में प्राथमिक शिक्षकों को फरवरी माह का वेतन नहीं मिला है। शिक्षकों को फरवरी माह का वेतन होली के बाद भी अभी तक वेतन नहीं मिला है। जबकि माध्यमिक शिक्षकों को वेतन मिल चुका है 90% शिक्षकों का होम लोन चल रहा है जिसकी किस्त न भरने के कारण पेनल्टी लग रही है। आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने जिले के अधिकारियों से मांग की है बजट मंजूर कराकर जिले के प्राथमिक शिक्षकों को फरवरी माह का वेतन का भुगतान कराया जाए। मांग करने वालों में प्रांतीय अध्यक्ष कृष्णगोपाल राय, जाहिद मोहम्मद प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र राय, राकेश सोनी, प्रकाश श्रीवास्तव, रवि रैकवार, रमेश अहिरवार, अतुल साहू, रामरतन मालवीय, भारतसिंह परिहार मनीष मीणा, भगवान सिंह अहिरवार आदि है।

### मोबाइल कोर्ट में वाहन चालकों पर लगा जुर्माना

**विदिशा।** विदिशा शहर में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। यह कार्रवाई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के नेतृत्व में संपन्न हुई। मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके द्वारा की गई। मोबाइल कोर्ट के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कादिर खान एवं साकेत जैन भी उपस्थित रहे। इस कार्रवाई में यातायात थाना प्रभारी आशीष राय द्वारा प्रस्तुत 23 प्रकरणों पर सुनवाई की गई, जिनमें पक्षकारों से कुल 31,700 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई

### तहसीलदार ने किया शमशान का सीमांकन

**विदिशा।** लटेरी तहसील के ग्राम आनंदपुर में मुक्तिधाम की भूमि को लेकर स्पष्टता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसीलदार हेमंत अग्रवाल की उपस्थिति में भूमि का सीमांकन कराया गया। सीमांकन की कार्यवाही के दौरान राजस्व अमले द्वारा मौके पर भूमि की सीमा निर्धारित कर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी गई। तहसीलदार हेमंत अग्रवाल ने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को मुक्तिधाम की निर्धारित भूमि की सीमा समझाई तथा भविष्य में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति से बचने के लिए सीमांकन का पालन करने के निर्देश दिए।

### आईटीआई में निःशुल्क कैरियर कॉर्नर शुरु

**विदिशा।** आईटीआई विदिशा में निःशुल्क करियर काउंसलिंग कॉर्नर का शुभारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य छात्रों एवं उनके अभिभावकों की करियर संबंधी समस्याओं का समाधान करना है।

आईटीआई प्राचार्य कविता रघुवंशी ने बताया कि वर्तमान स्थिति में 10वी एवं 12वी उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में सबसे अधिक समस्या अपने करियर विकल्प को चुनने की होती है निःशुल्क करियर काउंसलिंग कॉर्नर" में प्रत्येक बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आए हुए छात्रों को निःशुल्क करियर मार्गदर्शन दिया जावेगा। प्रत्येक बुधवार की प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक शासकीय आईटीआई विदिशा न्यू जज कालोनी के पास, गुरारिया हवेली रोड, कालापाठा विदिशा में उपलब्ध रहेगी।

## मुनि संघ के नेतृत्व में विदिशा में घटयात्रा से पंचकल्याणक महोत्सव शुरू हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विदिशा में शुरु हो रहे पंचकल्याणक के लिए बुधवार को घटयात्रा निकाली गई। सौभाग्यवती महिलाएं पंचकल्याणक की विशेष वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर कतारबद्ध चल रही थीं, वहीं हाथी पर धर्मध्वजा धारण किए सौधर्म इंद्र यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। धर्मयात्रा जैन महाविद्यालय परिसर में निर्मित अयोध्या नगरी पहुंची। जहां ध्वजारोहण एवं मंडप उद्घाटन संपन्न हुआ। मंगलाचरण के साथ भगवान का अभिषेक किया गया मुनिश्री संभवसागर महाराज के मुखारविंद से शांतिधारा कराई गई।



विदिशा। पंचकल्याणक शुरु होने के पहले जैन समाज ने मुनिश्री के मार्गदर्शन में हाथी पर धर्मध्वजा निकाली।

### चांदी की पांच पालकियों से शुरू हुई शोभायात्रा

आयोजन समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' ने बताया कि लगभग 25,200 वर्गफीट क्षेत्रफल में निर्मित डोमाकार पांडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। प्रातः लगभग 6:30 बजे भगवान की भव्य शोभायात्रा पांच चांदी की पालकियों के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा में आगे निर्यापक मुनि श्री संभवसागर महाराज, मुनि श्री निस्सीमसागर महाराज, मुनि श्री संस्कारसागर महाराज साथ में चल



रहे थे। दिव्यघोष, बैंड-बाजों और भक्तों के भजन-कीर्तन के साथ संपूर्ण वातावरण धर्ममय हो गया। महिलाओं ने अपने कलश के जल से मंडप की शुद्धि की तथा प्रमुख पात्रों द्वारा वेदी शुद्धि की गई।

### पूर्व विधायक दंपती रिश्तेदार की शादी में भोपाल गए हुए थे

## पूर्व विधायक के कृष्णा कॉलोनी निवास पर ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी

***करीब 10 वर्ष पहले भी पूर्व विधायक रुद्र प्रताप सिंह के कृष्णा कॉलोनी स्थित घर में लाखों रुपये की चोरी हुई थी। इस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी आज तक पकड़े नहीं जा सके हैं। उस समय हुई चोरी की घटना में पूर्व विधायक दंपत्ति के कीमती सामान सहित नकदी पर हाथ साफ किया था। चोरी की उस वारदात में पूर्व विधायक की पुत्री का भी कीमती सामान और जेवर चोरी हुए थे।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पूर्व विधायक राजश्री सिंह एवं रुद्रप्रताप सिंह के कृष्णा कॉलोनी स्थित सूने आवास में ताला तोड़कर चोरी की वारदात हो गई। चोरी की यह घटना मंगलवार-बुधवार की रात की है। पूर्व विधायक दंपत्ति अपने रिश्तेदार के विवाह समारोह में भोपाल गये हुए थे। घर पर कोई नहीं था सुबह जब वे पहुंचे तब टूटे हुए ताले देखकर चोरी की घटना का पता चला।

पूर्व विधायक राजश्री सिंह के अनुसार घर पर रखे नकदी रुपये चोरी हुए हैं। चोरी गई रकम करीब 5 लाख 20 हजार रुपये के आसपास बताई जा रही है। इसके अलावा अन्य सामान भी चोरी हुआ है लेकिन पूर्व विधायक दंपती को अभी समझ नहीं आ रहा है।

### चोरी की वारदात के बाद पुलिस को जानकारी देते हुए

हालांकी अभी कुछ दिनों से चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधी पुलिस की पकड़ से बच नहीं पा रहे हैं। शहरभर में लगे सीसीटीवी कैमरे और पुलिस की सख्त जांच प्रणाली के चलते चोरी सहित अपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी पुलिस की पकड़ में आ रहे हैं। सिविल लाइन थाना अंतर्गत हुई इस वारदात का शीघ्र खुलासा हो सकता है।



चोरी की यह वारदात निवास के पिछले हिस्से से घुसकर अंजाम दी गई है। आवास के पीछे एसएटीआई कॉलेज का परिसर है। जहां सुनसान रहता है। पूर्व विधायक दंपती अपने सेवानिवृत्त डीएसपी बहनोई नथन सिंह राठौर की पुत्री की बिटिया के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए भोपाल गए हुए थे। सिविल लाइन थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। चोरी करने वाले जल्दी ही पुलिस की पकड़ में होंगे।

दोनों पति पत्नि शमशाबाद विधानसभा से विधायक रह चुके हैं। रुद्रप्रताप सिंह वर्ष 2008 में निर्दलीय विधायक रह चुके हैं और उनकी पत्नि राजश्री सिंह पिछली बार शमशाबाद से ही भाजपा के टिकट पर विधायक रह चुकी हैं। इसके पहले भी राजश्री सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं और कांग्रेस के टिकट पर विदिशा लोकसभा से सांसद का चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

### करीब 10 वर्ष पहले भी हो चुकी है लाखों की चोरी

पूर्व विधायक रुद्रप्रताप सिंह पहले भी कृष्णा कॉलोनी स्थित एक मकान में किराये से रहते थे। करीब 10 वर्ष पहले उसी मकान में ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। आज तक उस वारदात के आरोपियों को पकड़ा नहीं जा सका है। उस समय पूर्व विधायक दंपत्ति के घर से नकदी सहित कीमती सामान चोरी हुआ था। इसके अलावा उनकी बेटियों का सामान भी चोरी हुआ था। उस समय भी पूर्व विधायक दंपती घर से बाहर गये हुए थे। चोरों ने मकान को सूना पाकर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। चोरों ने अलमारी सहित पलंग पेटी में रखा बहुमूल्य सामान चोरी किया था।

## हाईवे पर टकराई कारें, बच्चों सहित 8-10 लोग घायल हुए

### भीषण सड़क हादसा- सागर हाईवे पर ग्राम मढ़ीपुर के पास दो कारें आमने-सामने टकरा गईं



विदिशा। जिला अस्पताल में पहुंचे घायलों का उपचार किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 146 पर ग्राम मढ़ीपुर में बुधवार की देर शाम को एक भीषण सड़क हादसा हो गया।

विदिशा और ग्यारसपुर के बीच सागर हाईवे पर ग्राम मढ़ीपुर के पास बेतवांचल कॉलेज के सामने हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों वाहनों में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्यारसपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस जवानों ने घायलों को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस और 1033 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए

■ पुलिस ने सूचना पर एंबूलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

जिला चिकित्सालय विदिशा भेजा। थाना प्रभारी गोकुल अजनेरिया ने बताया कि हादसे में करीब 8 से 10 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ छोटे बच्चे भी शामिल हैं।

सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला चिकित्सालय विदिशा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को व्यवस्थित किया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## चोरों के टारगेट पर किसानों की मोटर सहित कॉपर वायर वाली डोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

करारिया थाना अंतर्गत अज्ञात चोरों ने किसानों की सिंचाई मोटर सहित कॉपर वायर चोरी कर लिए।

चोरों के इतने हौसले बुलंद हो गए हैं कि इन वारदातों को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। ग्राम परस परसोरा के किसान संजय सिंह गजार का कहना है कि पिछले एक महीने से स्थानीय किसानों की बेतवा नदी पर विद्युत मोटरों एवं उनकी कॉपर विद्युत लाइन जिनकी कीमत लाखों में होती है उनकी चोरी हो चुकी है। थाना करारिया में कई किसानों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद मंगलवार की रात में 10-10 हॉर्स पावर की चार विद्युत मोटर की कॉपर जड़ित करीब 1800 फीट विद्युत लाइन जिसमें से कॉपर कॉपर निकालकर कर चोर ले गए। स्थानीय पुलिस महकमें से मेरा अनुरोध है कि तत्काल कार्रवाई करें। अन्यथा किसानों के लाखों रुपये कीमती सिंचाई साधन का माल चोरी हो रहा है। किसानों में काफी रोष व्याप्त है।

हाईकोर्ट में अधिवक्ता पवन रघुवंशी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया इस संबंध में कोर्ट ने उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता ने आगे जानकारी देते ुए बताया कि ग्राम परस परसोरा में केबल वायर चोरी के मामले में उच्च न्यायालय ग्वालियर ने पुलिस को उचित और ठोस कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने के लिए निर्देशित किया है।

## लोक अदालत के प्रचार के लिए हरी झंडी दिखाकर रथ रवाना किया गया, आपसी सहमति से निपटेंगे विवाद

### 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रचार-प्रसार करने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को नेशनल लोक अदालत के संबंध में जागरूक करेंगे। जिला न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा सहित न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। विधिक प्राधिकरण के सचिव नितेन्द सिंह तोमर ने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत के लिए जिले में 33 खण्डपीठों का गठन किया है। इनमें 13 हजार 290 प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा 1 हजार 307 प्रकरण निराकरण हेतु रखे जाएंगे। लोक अदालत में संपत्ति कर, जल कर, बैंक से संबंधित मामलों सहित विभिन्न प्रकरणों का सहमति से निराकरण किया जाएगा।

## तहसीलदार ने बागरी में कोपरा पत्थर जब्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

तहसीलदार निधि पटेल ने ग्राम बागरी पहुंचकर अवैध रूप से रखे गए कोपरा पत्थर मटेरियल के स्टॉक को जब्त किया। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और निजी जमीन में रखे गए इस अवैध स्टॉक को जब्त करने की कार्रवाई करते हुए प्रकरण बनाया।

### प्रवचनः मुनिसंघ ने कि विदिशा वासियों की प्रंशसा

## भगवान आदिनाथ ने मानव सभ्यता को नई दिशा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सुबह हुए ध्वजारोहण में ध्वजा पूर्व दिशा अर्थात सूर्य की दिशा में लहराई, जो इस बात का संकेत है कि यह कार्यक्रम अभूतपूर्व होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हमारा या तुम्हारा नहीं, बल्कि बर्रो वाले बाबा भगवान आदिनाथ का कार्यक्रम है, जिस पर हमारे आराध्य आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज तथा आचार्य समयसागर महाराज का आशीर्वाद है।



उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान करते हुए कहा कि बाहरी ध्वजारोहण के साथ अपनी आत्मा में भी चारित्र की ध्वजा फहराएं। आचार्य श्री हमेशा कहा करते थे कि "चारित्र की ध्वजा अपने भीतर सदैव फहरती रहनी चाहिए, तभी जीवन में साधुता के भाव बने रहते हैं।

पंचकल्याणक महामहोत्सव के प्रथम दिवस गर्भ कल्याणक के अवसर पर आयोजित प्रातःकालीन धर्मसभा में निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने कहा कि युग के आदि में भगवान आदिनाथ ने केवल धर्म का उपदेश ही नहीं दिया, बल्कि षट्कर्म का मार्ग बताकर मानव को असी, मसी और कृषि जैसे कर्मों की शिक्षा दी तथा मानव सभ्यता के बीज बोए।

मुनि श्री ने विदिशावासियों की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम के पहले ही दिन पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ है। उनकी दृष्टि जहां तक जा रही है वहां तक इंद्र और इंद्राणियां ही नजर आ रहे हैं। सामान्य लोगों के लिए तो पंडाल के बाहर ही स्थान खोजना पड़ रहा है।

## चना के 16 मार्च व सरसों के 20 तक होंगे पंजीयन

### समर्थन मूल्य पर उपज बेचने पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी है।।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया है कि चना के समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 निर्धारित की गई है, जबकि सरसों के पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 तय की गई है। किसान निर्धारित अवधि में अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र, समिति या एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार विदिशा में 17 हजार 127 सिरोंज में 12 हजार 987, बासौदा में 11,964, नटेरन में 9 हजार 709, कुरवाई में 9 हजार 385, शमशाबाद में 9 हजार 366, लटेरी में 7 हजार 714, गुलाबगंज में 6 हजार 5, ग्यारसपुर में 5, 841, त्योंदा में 5, 568, पठारी में 3, 553 तथा विदिशा नगर में 2,200 किसानों ने पंजीयन कराया है। गौरतलब हो कि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च तक विदिशा जिले में कुल 87 हजार 917 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5472
सरसों
न्यूनतम भाव -4961
उच्चतम भाव- 7100
चना
न्यूनतम भाव -3850
उच्चतम भाव- 5599
मसूर
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-7245
शरबती
न्यूनतम भाव-2320
उच्चतम भाव-3140
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-2548
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2142
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3365
तुअर
न्यूनतम भाव-7002
उच्चतम भाव-7002
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-4101
बटरी
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-4530
मक्का
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव-1670
मटर
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-3802

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 14426 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## शहर पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपहत बालक, बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शहर थाना पुलिस द्वारा थाना प्रभारी संजीव वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित कर सतत कार्रवाई की जा रही है। शहर में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए। पहले प्रकरण में दिनांक 07.03.2026 को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष 08 माह को दिनांक 21.02.2026 को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है, जिस पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वहीं दूसरे प्रकरण में दिनांक 03. 03. 2026 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 13 वर्ष 05 माह को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है, जिस पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दोनों प्रकरणों में गठित पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार तलाश-पतारसी की गई। परिणाम स्वरूप पहले प्रकरण में 09 मार्च 2026 को नाबालिग बालिका को गंजबासौदा से तथा दूसरे प्रकरण में दिनांक 10 मार्च 2026 को भोपाल से नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई।

दोनों बालिकाओं के न्यायालय में कथन कराए जाकर उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, राजेंद्र शर्मा, शिवभान भदौरिया, अखिलेश राजावत, शिवानी मिश्रा, द्रोपती की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

## मां कर्मादेवी चौराहे पर लगेगी हाईमास्ट लाइट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पचमा रोड स्थित मां कर्मा देवी चौराहा का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। पहले यह चौराहा ट्रैफिक क्रॉसिंग के मापदंडों के अनुसार व्यवस्थित नहीं था। यहां से गुजरने वाले वाहनों को परेशानी होती थी। नगर पालिका ने पुराने ढांचे को हटाया। चौराहे को नए स्वरूप में विकसित किया। इससे अब यातायात व्यवस्था पहले की तुलना में सुगम हो गई है। पहले चौराहा चौकोर आकार में था। बीच में स्तंभ बना था। इससे ट्रैफिक के आवागमन में बाधा आती थी। नए निर्माण में इसे रिंग शेप में तैयार किया गया है। दोनों ओर से शहर के अंदर और बाहर जाने वाले वाहनों को निकलने में आसानी होगी। विदिशा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए यह शहर का पहला प्रमुख चौराहा है। इसी को ध्यान में रखकर नगर पालिका ने इसे आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाया है। चौराहे के मध्य बना स्तंभ इस बार ग्रेनाइट से तैयार किया गया है। इससे सुंदरता बढ़ी है। निर्माण पूरा होने के बाद यहां रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। चारों ओर हाईमास्ट एलईडी लाइट लगाने की योजना है। लाइटिंग के बाद चौराहा और आकर्षक दिखेगा। नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि हाईमास्ट लाइट लगाने का काम जल्द शुरू होगा। इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं।

### पीड़ित महिला ने पुलिस थाने पहुंचकर सुनाई अपनी फरियाद

# पति द्वारा अलग रह रही पत्नी के नाम पर लाखों का लोन लेने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहर पुलिस थाने में धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। श्मशाबाद निवासी एक महिला ने अपने पति कमल प्रजापति पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उनके आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों का दुरुपयोग कर 32 लाख रुपए का हाउस लोन लिया है। महिला को अब बैंक से लोन की किस्तों के भुगतान के लिए नोटिस मिल रहे हैं। महिला के अनुसार, वह वर्ष 2019 से अपने पति से अलग रह रही है और उनका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी अवधि में पति ने नगर के एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से लगभग 32 लाख रुपए का हाउस लोन ले लिया। महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस लोन के लिए उनके पति ने आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए। साथ ही, बैंक में किसी अन्य महिला को पत्नी बताकर पेश किया गया।

महिला ने शिकायत में कहा है कि बैंक कर्मचारियों ने दस्तावेजों की उचित पुष्टि किए बिना और यह जांचे बिना कि दस्तावेज धारक महिला वही है या नहीं, लोन स्वीकृत कर दिया। उन्होंने पति के कहने पर उस महिला को लोन आवेदक मान लिया, जिससे बिना उचित सत्यापन के ऋण जारी हो गया। पति द्वारा कुछ समय तक लोन की किस्तें जमा न करने पर, महिला को बैंक से नोटिस मिलने शुरू हुए। इन नोटिसों के माध्यम से ही उन्हें अपने नाम पर लिए गए इस बड़े लोन के बारे में जानकारी मिली। महिला का दावा है कि वह न तो कभी गंजबासौदा की बैंक शाखा गईं और न ही उन्होंने इस लोन के लिए कभी अपनी सहमति दी। महिला ने बताया कि बैंक द्वारा लगातार नोटिस भेजे जाने और घर आकर पूछताछ करने से उन्हें परेशानी हो रही है। इस धोखाधड़ी के कारण उनका सिविल स्कोर भी प्रभावित हुआ है, जिससे उन्हें भविष्य में कोई अन्य ऋण लेने में कठिनाई हो सकती है। पति से अलग रहकर अपने दो बच्चों का पालन-पोषण कर रही महिला को इस स्थिति से आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में शहर थाने के एएसआई लालाराम प्रजापति ने बताया कि महिला शिकायत लेकर आई थी। उसे बैंक में शिकायत करने को कहा गया है। जिसके बाद आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए चना पंजीयन 16 मार्च तक, सरसों का पंजीयन 20 मार्च तक

**गंजबासौदा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी है। ऐसे किसान जिन्हें चना, सरसों की फसल बोई है और समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहते हैं तो अंतिम तिथि तक पंजीयन अनिवार्यतः कराकर लाभ ले सकते हैं। समय सीमा के भीतर पंजीयन कराने की अपील की गई है, ताकि वे अपनी उपज का विक्रय समर्थन मूल्य पर कर सकें। चना के समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि सरसों के पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च तय की गई है। किसान निर्धारित अवधि में अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र, समिति या एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। अब तक गंजबासौदा में 11,964 किसानों ने पंजीयन कराया है। ज्ञात हो कि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च तक गंजबासौदा में 9531 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। चना फसल विक्रय के लिए 11 मार्च तक गंजबासौदा में 5265 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। जबकि समर्थन मूल्य पर सरसों की फसल विक्रय हेतु गंजबासौदा में 763 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। किसानों से अपील की गई है कि जो किसान अभी तक चना व सरसों हेतु पंजीयन नहीं करा पाए हैं, वह निर्धारित तिथियों में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराकर शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप

### बार-बार घंटों तक बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों विद्युत कंपनी द्वारा नगर में बगैर सूचना के देर तक बिजली का प्रदाय बंद रखा जा रहा है। जिससे गर्मी के मौसम में विद्युत उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी पचमा बायपास, बरेठ रोड सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली प्रदाय बंद रहा।

### दुकानदारों को दी समझाइश



**गंजबासौदा।** स्तंभ चौक से सावरकर चौक तक फैले व्यापारियों के अतिक्रमण को लेकर तहसीलदार अरविंद यादव, थाना प्रभारी संजय वेदिया, यातायात प्रभारी सहित अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश दी। उन्हें बताया गया कि अगर सामग्री हद में नहीं रखी तो फिर कार्रवाई की जाएगी।

## ई-रिक्शा, ऑटो बने यात्रियों की मुसीबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

व्यवस्थित तरीके से ई रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा खड़े किए जाने से रेल यात्रियों का रेल्वे स्टेशन परिसर के बाहर निकलना मुश्किल हो गया। जिसके चलते यहां पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। दरअसल, स्टेशन भवन से बाहर जाने के लिए बायपास रास्ता चालू है। नए भवन का एंट्री गेट यात्रियों के लिए अब तक नहीं खोला गया है। इस यात्री गेट को भवन के लोकार्पण के बाद खोला जाएगा। इसके चलते वर्तमान में ट्रेनों से आने वाले यात्री परिवर्तित मार्ग से ही आते-जाते हैं। बाहर का गेट ऑटो रिक्शा के लिए खोले जाने के बाद जैसे ही ट्रेन आती है, ई-रिक्शा परिवर्तित मार्ग के आसपास खड़े हो जाते हैं। इसके कारण यात्रियों को बस्ती में जाने के लिए ऑटो रिक्शा के बीच से ही निकलना पड़ता है। ऐसे में जाम के हालात बन जाते हैं। सुबह से शाम तक रेलवे स्टेशन से लगभग 6000 से ज्यादा यात्री सफर करते हैं। ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा बेतरतीब खड़े होने के कारण यात्रियों का बाहर निकलना भी दूभर हो रहा है। आरपीएफ और रेलवे कर्मचारी भी कई बार समझाइश दे चुके हैं। इसके बावजूद ई-ऑटो चालक नियम निर्देशों को ताक पर रखकर अव्यवस्था फैला रहे हैं। कई बार यात्रियों के साथ विवाद की स्थिति भी बन चुकी है। रेल यात्रियों का कहना है कि रेलवे परिसर में सिविल पुलिस हस्तक्षेप नहीं करती। इसके लिए आरपीएफ को सख्त कार्रवाई करना चाहिए। ताकि सर्कुलेटिंग एरिया में बिगड़े हालातों को सुधारा जा सके।

## नेशनल लोक अदालत को लेकर न्यायाधीशों की बीमा कंपनी अधिवक्ताओं के साथ बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



न्यायालय परिसर में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एव न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है।

नेशनल लोक अदालत के आयोजन हेतु बुधवार को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, से संबधित प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श हेतु बीमा कंपनी के अधिवक्तागण के साथ बैठक आयोजित की गयी। उक्त आयोजित बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा की गयी। जिसमें इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्तागण एवं आवेदक अधिवक्तागण उपस्थित हुए।आयोजित बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण से लोक अदालत में रखे जाने वाले मोटर दुर्घटना दावा अधिकार से संबंधित प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श किया गया एवं लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों को चिन्हित किया गया एवं अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराये जाने की अपेक्षा की गयी। ताकि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके। साथ ही बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण से वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली प्रथम नेशनल लोक अदालत में गत वर्ष की अपेक्षा और अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराये जाने की अपेक्षा की गयी। 14 मार्च में आयोजित होने वाली वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य 582 प्रकरण, व बैंकों के 3286 प्रीलिटिगेशन प्रकरण, नगरपालिका के 2300 प्रीलिटिगेशन प्रकरण, विद्युत विभाग के 2000 प्रीलिटिगेशन प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग के 300 प्रीलिटिगेशन प्रकरण इस प्रकार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत में 8468 प्रकरण निराकरण हेतु रखे जाने है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारगण उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत नसीदपुर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए, महिला के अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम, दहेज़ प्रतिषेध अधिनियम, निःशुल्क विधिक सेवा सहायता के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में भाग्यशाली शर्मा, अधिवक्ता समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, अधिवक्ता राजेश सक्सेना, पीएलवी सौरभ कुशवाह, पीएलवी नीतू अहिरवार, सरपंच दीपिका राजपूत, सचिव कैलाश बाबू अहिरवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी रघुवंशी, सहायिका ममता मालवीय, आशा कार्यकर्ता सोनम जड़िया, दीपक तिवारी, कैलाश सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### खाली जगह में कराया सीसीकरण

**गंजबासौदा।** जय स्तंभ चौक के पास त्योंदा रोड पर कुछ दिन पूर्व सड़क के बीच बने डिवाइडर को स्मार्ट सिटी योजना के तहत नपा प्रशासन ने हटवा दिया था। जिससे मार्ग चौड़ा हो गया लेकिन डिवाइडर हटने से सड़क के बीच खाली जगह से यातायात प्रभावित हो रहा था। जिस पर अब सीसीकरण कार्य करवा दिया गया है।

### हार्वेस्टर, थ्रेसर और मजदूरों की मांग बढ़ी

# रबी फसल गेहूं ,चना की गहाई का कार्य जोरों पर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में रबी फसलों गेहूं, चना की फसल की गहाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे हार्वेस्टर, थ्रेसर और मजदूरों की मांग बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि पहली बोवनी वाली और पथरीली भूमि वाली मसूर, तेवडा और बटरी की फसलों की कटाई एवं गहाई का कार्य लगभग हो चुका है जबकि शेष क्षेत्र में दलहनी फसलों की कटाई, थ्रेसिंग का कार्य जारी है। ज्ञात हो कि कि रबी सीजन की बोवनी के पहले हुई अच्छी बारिश से खेतों में पलेवा प्राकृतिक सिंचाई के माध्यम से हो गया था। जिससे किसानों को पलेवा नहीं करना पडा था।

वहीं असिंचित क्षेत्रों एवं पथरीली भूमि वाले क्षेत्र में पहले ही किसानों ने मसूर, तेवडा, बटरी की बोवनी कर दी थी। बारिश से इन फसलों को काफी लाभ मिला था ऐसे में किसान पकी फसलों की कटाई एवं गहाई करवा ली। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम की मेहरबानी से फसलों की स्थिति अच्छी है और जल्दी बोवनी वाली फसलों की गहाई में उपज भी बेहतर प्राप्त हो रही है।

### जन्मदिवस पर किया पौधरोपण



**गंजबासौदा।** केंद्रीय मंत्री और विदिशा से सांसद शिवराज सिंह चौहान द्वारा विशेष मौकों पर पौधरोपण की अपील का बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा ने पालन किया। नगर में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता जयंती रैकवार के जन्मदिवस पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने जयंती रैकवार एवं सरिता रघुवंशी के साथ पौधरोपण किया और उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। इस मौके पर नपाध्यक्ष और जयंती रैकवार ने अन्य लोगों से भी विशेष मौकों पर पौधरोपण की अपील की है।

## हादसे में घायल दुल्हन कोमा में, शेष घायलों का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गत दिवस अशोकनगर के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दुल्हन साक्षी एवं परिवार के अन्य घायलों का उपचार भोपाल के निजी अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि साक्षी नीमबेहोशी में है और चिकित्सक उसकी स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उधर इस हादसे के बाद शादी स्थगित कर दी गई है और दूल्हा एवं दुल्हन पक्ष के लोग घायलों का उपचार कराने में जुटे हुए हैं। वहीं इस हादस में मृत दुल्हन के जीजा का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नगर के सिरोंज चौराहा निवासी चक्रेश जैन के बेटे गौरव जैन की शादी बुधवार को कोलारस निवासी साक्षी जैन से होनी थी। मंगलवार कोलारस से एक वाहन से आते समय सड़क हादसे में दुल्हन साक्षी जैन गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि उनके जीजा की मौत हो गई थी। इस दुःखद घटना के बाद शादी की सभी तैयारियां रद्द कर दी गईं और परिवार में मातम पसर गया। वर एवं वधु पक्ष द्वारा शादी की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही थीं। मंगलवार रात महिला संगीत कार्यक्रम की तैयारी थी। लेकिन उससे पहले ही दोपहर करीब 12 बजे फोन पर सड़क हादसे की सूचना आ गई। घटना के बाद वर पक्ष के परिवारजन दुल्हन और उसके परिवारजनों से मिलने के लिए भोपाल रवाना हो गए। चक्रेश जैन के पडोसी और घनिष्ठ मित्र फुटकर व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन के अनुसार भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती साक्षी के कोमा में होने की जानकारी मिली है, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। वहीं हादस में मृत हुए साक्षी के जीजा का उनके गृहनगर ब्यावरा में आज गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। नरेन्द्र जैन के अनुसार इस हादसे में वाहन में सवार सभी घायल हुए, लेकिन ईश्वर की कृपा से साक्षी की बहन की एक साल की बेटी को चोट नहीं आई और वह पूरी तरह सुरक्षित रही।

## प्रशासन ने कहा- अफवाहों पर न दें ध्यान, जिले में एलपीजी, पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक

# अफवाहों का बाजार गर्म, गैस एजेंसियों पर लग रही लंबी कतारें, होम डिलेवरी भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध से विश्व में तेल और गैस की परेशानियां बढ़ने की संभावनाओं को लेकर लोगों में चिंता व्याप्त है। हालांकि भारत में तेल व गैस की कोई परेशानी फिलहाल महसूस नहीं हो रही है, फिर भी आमजन को चिंता सता रही है। जिससे गैस की एजेंसियों पर भारी भीड़ बढ़ना शुरू हो गई है। वहीं लोगों ने पेट्रोल और डीजल का स्टॉक करने की होड़ लग गई है। जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है, प्रतिदिन गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों का स्टॉक लिया जा रहा है।

कमर्शियल गैस केवल अत्यधिक आवश्यक विभागों के लिए निर्धारित कर दी है। एजेंसियों के यह हाल है कि उपभोक्ताओं को बुकिंग कर ओटीपी दिखाकर ही गैस का सिलेंडर दिया जा रहा है। एजेंसियों ने घरेलू गैस की सप्लाई की होम डिलेवरी बंद कर दी है। एजेंसियों संचालकों का कहना है कि उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ने के कारण होम डिलेवरी करना संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारे देखने को मिल रही है। लोग आवश्यकता से अधिक डीजल-पेट्रोल खरीदकर स्टॉक करने में जुटे हुए हैं, जबकि प्रशासन का कहना है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल एवं घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक है।

### खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध को लेकर नागरिकों में भ्रम की स्थिति, डीजल-पेट्रोल सहित गैस का स्टॉक करने में जुटे लोग

### 22 की जगह 25 दिन में मिलेगा सिलेंडर

सरकार ने गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए 25 दिन में एक बार सिलेंडर बुकिंग की नई व्यवस्था लागू की है। पहले प्रत्येक उपभोक्ता की 22 दिन में सिलेंडर बुकिंग की जा सकती थी। अहतियात के तौर पर सरकार ने गैस सिलेंडर की बुकिंग का समय 3 दिन बढ़ाकर अब 25 दिन निर्धारित कर दिया है। वहीं सिलेंडर बुकिंग करने के बाद मोबाइल नंबर पर ओटीपी दिखाकर ही एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

**इनका कहना है**

जिले में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है एवं आपूर्ति बनी हुई है।

- **राजू कातुलकर**, आपूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग।

### जिले में प्रतिदिन सभी गैस एजेंसियों से 4163 सिलेंडरों की हो रही बुकिंग, प्रतिदिन के मान से 3 दिन का पर्याप्त स्टॉक



### अस्पताल, शिक्षा संस्थानों को ही मिलेगी कमर्शियल गैस

प्रशासन ने फिलहाल जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता बताई है। लेकिन होटल और रेस्टोरेंट में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रुकने से परेशानी बढ़ सकती है। गैस अब केवल अस्पताल और शिक्षा संस्थानों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

शहर के होटल संचालकों सुमित यादव, गोलू यादव, सुरेंद्र वर्मा, हनुमंत राजपुरोहित आदि का कहना है कि छोटे होटल, चाय-नाश्ते की दुकानें और ढाबे लंबे समय से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते आ रहे हैं। अचानक प्रतिबंध लगने से उनके सामने संचालन का संकट खड़ा हो सकता है। व्यवसायियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस व्यवस्था को लागू करने से पहले छोटे होटल और ढाबा संचालकों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए, ताकि उनके रोजगार पर असर न पड़े।

### जिले की 17 गैस एजेंसी के पास अभी 10384 घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध

जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में संचालित 17 गैस एजेंसियों के पास अभी 10 हजार 384 घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध है। किसी भी गैस एजेंसी में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। दैनिक विक्रय के मान से जिले में प्रतिदिन सभी गैस एजेंसियों से 4163 सिलेंडरों की बुकिंग कर उपभोक्ताओं द्वारा प्राप्त किए जाते हैं। इस प्रकार दैनिक खपत के बावजूद हमारे जिले में 3 दिन का भंडारण उपलब्ध है। जिले में किसी प्रकार से गैस की अभी कमी नहीं है। इसके अतिरिक्त निरंतर एजेंसियो द्वारा इंडेंट लगाकर गैस सिलेंडर कंपनी से प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने समस्त जिले वासियों से आग्रह किया है कि कि किसी भी प्रकार अफवाह से बचें।

## अब गैस किट से नहीं चलेंगे स्कूल वाहन, आरटीओ ने दिए नोटिस

### आरटीओ ने स्कूलों को जारी की गाइडलाइन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के बाद अब जिला परिवहन विभाग भी सक्रिय हो गया है। अवैधानिक गैस किट लगाकर चल रहे वाहनों पर रोक लगाने के लिए आरटीओ ने स्कूल प्रबंधन को गाइडलाइन जारी कर दी है। साथ ही ऐसे वाहनों के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि जांच के दौरान किसी वाहन में अवैध गैस किट पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी के तहत जिला आरटीओ कार्यालय खरगावली ने सभी स्कूल संचालकों और वाहन संचालकों को नोटिस जारी कर गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए हैं। विभाग का अमला भी मैदान में उतरकर वाहनों की जांच कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि कई निजी वाहन मालिक बिना अनुमति के गैस किट लगाकर वाहन चला रहे हैं, जो बेहद खतरनाक हो सकता है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसे वाहनों को विस्फोटक श्रेणी का जोखिम बताते हुए इनके उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

जिला परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी स्कूल वाहन में अवैध गैस किट पाई जाती है तो वाहन मालिक और स्कूल प्रबंधन दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा निजी तौर पर संचालित ऐसे वाहनों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

**इनका कहना है**

वाहनों में दस्तावेजों के साथ सुरक्षा उपकरणों की जांच की जा रही है। स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई है।

- **जगदीश सिंह भील**, आरटीओ।

## धूमधाम के साथ मनाया भगवान खोना वाले बाबा का पांचवां स्थापना महोत्सव

### अतिशय प्रतिमा में नहीं होता आस्था में होता है: मुनि प्रयोग सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

खरगोन स्थित खोना वाले बाबा का पांचवां स्थापना महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रातः से ही धार्मिक आयोजन संपन्न किए गए प्रातः 9:00 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो खोना बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर खोना वाले बाबा अतिशय क्षेत्र पर पहुंची। तत्पश्चात 10 बजे से पात्र चयन, अभिषेक एवं शांतिधारा विधान का



आयोजन किया। कार्यक्रम में मुनि प्रयोग सागर महाराज व परीत सागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

धर्म उपदेश देते हुए मुनि प्रयोग सागर महाराज ने कहा कि खोना बाबा श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा वास्तव में महान अतिशयकारी है, बाबा के दर्शन करके ऐसा लगता है जैसे कुण्डलपुर के बड़े बाबा के दर्शन प्राप्त कर लिये हो। बहुत कम समय में खोना वाले बड़े बाबा की ख्याति पूरे भारत वर्ष में पहुंच चुकी है। कहां की अतिशय प्रतिमा में नहीं होता आस्था में होता है। गुरदेव समय सागर जी के चरणों में विनय करेंगे कि शीघ्र मंगल आगमन खरगोन की पुण्यधरा पर हो और खोना वाले बाबा कुंडलपुर की भांति भव्य पाषाण के जिनालय में विराजमान हो।

शाम 7 बजे से महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में से बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी शामिल हुए।

## दिल्ली की घटना के मृतक तरुण खत्री को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार शाम सागर-भोपाल तिराहे पर दिल्ली में रंग-गुलाल डालने को लेकर हुई हिंसक घटना में मृतक तरुण खत्री की आत्मा की शांति के लिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, श्री हिंदू उत्सव समिति सहित सकल हिंदू समाज ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली में रंग-गुलाल डालने की बात को लेकर एक समुदाय विशेष के कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से घर में घुसकर मारपीट की गई, जिसमें एक हिंदू परिवार के तरुण खत्री की मौत हो गई थी। इस



घटना को लेकर लोगों में रोष भी देखा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## खबर संक्षेप

### किसान सम्मान निधि की किश्त का वितरण कल

**रायसेन।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च को गुवाहाटी असम से किया जाएगा। जिले में 13 मार्च को पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम आयोजन के लिए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने जिला पंचायत सीईओ, सभी एसडीएम और तहसीलदार तथा जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन के माध्यम से लाईव प्रसारण भी देखा जाएगा।

### कृषि विज्ञान केंद्र में आज होगा कृषि विज्ञान मेला

**रायसेन।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) एवं अन्य विभागीय योजना एक जिला एक उत्पाद योजना, राज्य मिलेट मिशन योजना तथा राष्ट्रीय मिशन ऑन इडिबल ऑयल तिलहन अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला वर्ष 2025-26 का आयोजन 12 मार्च से 14 मार्च तक प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा में किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर उन्नत तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

### विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं: शुक्ला

**रायसेन।** अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को भोपाल संभाग की विकास योजनाओं और शासकीय नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयुक्त कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, सहित अन्य जिलों से विधायकगण वीसी के माध्यम से जुड़े। इसके साथ ही रायसेन कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की मांग

# कुल्हाड़िया और नरखेड़ा के पहाड़ क्षेत्र में फैली आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज क्षेत्र के पास स्थित कुलहड़िया और नरखेड़ा के पहाड़ों पर बुधवार को अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते सूखी घास और झाड़ियों ने आग पकड़ ली और आग पहाड़ी के कई हिस्सों में फैल गई।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इसी स्थान पर कुछ दिन पहले भी दो अलग-अलग दिनों में आग लग चुकी है। बार-बार आग लगने की घटनाओं से ग्रामीणों में चिंता बढ़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तो गर्मी की शुरुआत ही हुई है और यदि इसी तरह आग लगने की घटनाएं जारी रहीं तो आने वाले दिनों



में जंगल और पहाड़ों को बड़ा नुकसान हो सकता है। पहाड़ियों पर सूखी घास और झाड़ियां अधिक होने से आग तेजी से फैलने का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पहाड़ी क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए ताकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा सके और समय रहते ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके।

# जिले से 779 वृद्ध अयोध्या तीर्थ के लिए ट्रेन से रवाना

### विधायक डॉ चौधरी ने वृद्धजनों का रेल्वे स्टेशन पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अध्योध्या धाम के लिए जिले से 779 तीर्थ यात्री, अनुरक्षकों के साथ भोपाल स्थित कमलापति रेल्वे स्टेशन से ट्रेन से रवाना हुए। तीर्थ यात्रियों को रेल्वे स्टेशन भोपाल तक ले जाने के लिए प्रशासन द्वारा वाहन व्यवस्था की गई थी।

■ विधायक ने किया फूलों से सम्मान

रेल्वे स्टेशन पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने तीर्थ यात्रियों को पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया तथा यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उप संचालक सामाजिक न्याय मनोज बाथम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।





### नगर से 30, ग्रामीण क्षेत्र से 85 श्रद्धालु अयोध्या रवाना

**बरेली।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत नगर से 30 और ग्रामीण क्षेत्र से 85 श्रद्धालु अयोध्या श्री राम जन्मभूमि दर्शन के लिए रवाना हुए। नगर परिषद कार्यालय में सभी तीर्थ दर्शन श्रद्धालुओं का पुष्पहारों से स्वागत कर यात्री बसों से भोपाल रवाना किया गया।

यह पहला अवसर था जब मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत बाड़ी जनपद क्षेत्र से 115 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए। नप उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, भाजपा नेता योगेश पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, अभिषेक रघुवंशी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित पार्षदों व नप कर्मचारियों ने पुष्प हार पहना कर स्वागत करते हुए यात्रा के लिए विदाई दी।

सभी तीर्थ यात्री श्रद्धालु भोपाल पहुंचे, जहां राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के भाई राजेंद्र शिवाजी पटेल एवं साथियों द्वारा सभी का स्वागत कर विदाई दी गई। अयोध्या जाने वाले सभी यात्री प्रसन्न नजर आ रहे थे कि सरकार ने अयोध्या में बने श्रीराम मंदिर दर्शन करने का अवसर दिया।

### सिलवानी से 38 तीर्थ यात्री अयोध्या रवाना

**सिलवानी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बुधवार को नगर सिलवानी से 38 तीर्थयात्री अयोध्या स्थित रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। तीर्थ यात्रियों को लेकर जाने वाली बस को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक और भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने हरी झंडी



दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एसडीएम हर्षल चौधरी, सीएमओ ऋषिकांत यादव, सीईओ नीलम रायकवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, मयंक पटेल, पार्षद लखन मेहरा, पप्पू ठाकुर, सिद्धार्थ समैया, आनंद सहारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नगरवासी मौजूद रहे, जिन्होंने तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देकर विदा किया गया।

## विधिक जागरूकता से महिलाओं का सशक्तिकरण संभव : सुनीता पचौरिया

# जनपद पंचायत में विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत हॉल सिलवानी में महिलाओं के लिए विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

उक्त शिविर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी सुनीता पचौरिया ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को जमीनी स्तर पर विधिक जागरूक करने एवं महिला शक्तिकरण के उद्देश्य से यह जागरुकता शिविर आयोजित किया गया है।

शिविर में जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय में महिलाओं को कानूनी साक्षरता का ज्ञान होना उनके व उनके परिवार



के विकास के लिए आवश्यक है। विधिक जागरूकता से ही महिलाओं का सशक्तिकरण संभव है। अक्सर देखा गया है कि महिलाएं अपने अधिकारों के लिए कानून के ज्ञान के अभाव के चलते आवाज नहीं उठा पाती है। इसी के चलते वह कई तरह की प्रताड़नाओं का सामना करती है।

उन्होंने कहा कि हमें अपने संवैधानिक अधिकारों का लाभ लेना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि लैंगिक अपराधों से सामान्यजन को जागरूक रहना चाहिए।

शिविर में सुनीता पचौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिलवानी ने महिलाओं को भारतीय दंड संहिता में वर्णित महिलाओं के विरूद्ध अपराध से सम्बंधित प्रावधान, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पोक्सों अधिनियम 2012, महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 अन्तर्गत महिलाओं के विभिन्न अधिकारों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया कि यदि कोई महिला मुकदमें की पैरवी आर्थिक स्थिति के कारण करने में असमर्थ है तो उसे आवेदन देने पर निः शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा।

शिविर में महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक सुरक्षा विश्वकर्मा ने विभाग द्वारा चालाई जा रही योजनओं के बारे में बताया तथा विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगिण विकास से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में बताया। महिलाओं की स्वायत्ता एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करते हुए उनकी आर्थित एवं सामाजिक स्थिति में निरन्तर सुधार लाने हेतु राज्य महिला आयोग कार्यरत है।

## हार्वेस्टर से कटाई कार्य चल रहा तेजी से

# गेहूं और चने की कटाई शुरू खेतों में बढ़ी चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

ग्रामीण इलाकों में रबी फसलों की कटाई का दौर शुरू हो गया है। क्षेत्र के दीवानगंज, बरजोरपुर, बालमपुर, देहरी, अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया, गिदगढ़, मुस्काबाद और सत्ती बसिया सहित आसपास के गांवों में किसानों ने गेहूं और चने की फसल की कटाई प्रारंभ कर दी है।

इन दिनों सुबह से ही खेतों में चहल-पहल देखने को मिल रही है। कई किसान मजदूरों की मदद से फसल काट रहे हैं, वहीं कई किसान हार्वेस्टर मशीन के माध्यम से तेजी से कटाई कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस बार फसल अच्छी



हुई है, इसलिए समय पर कटाई कर अनाज को सुरक्षित रखने की तैयारी की जा रही है। खेतों में कटाई शुरू होने से गांवों में कृषि कार्यों की रौनक भी बढ़ गई है। मजदूरों की कमी के कारण ज्यादातर किसान हार्वेस्टर से ही अपनी फसलों की कटाई की व्यवस्था बना रहे हैं। मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर रबी फसलों की खरीदी मार्च से शुरू हो रही है। गेहूं की खरीद 16 मार्च से शुरू होगी।